महत्वपूर्ण/ई–मेल

प्रेषक,

राकेश कुमार मिश्र,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
   उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
   लखनऊ।
2. **उपाध्यक्ष,**
   समस्त विकास प्राधिकरण,
   उ0प्र0।
3. **अध्यक्ष,**
   समस्त विशेष क्षेत्र,
   विकास प्राधिकरण, उ0प्र0।
4. **मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,**
   नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग,
   उ0प्र0 लखनऊ।
5. **निदेशक,**
   आवास बन्धु,
   उ0प्र0 लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 लखनऊ : दिनांक : 18 ~~मार्च~~ अप्रैल, 2023

विषयः– "10 तक डोर टू डोर" अभियान की सफलता हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया "10 तक डोर टू डोर" अभियान की सफलता आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने संबंधी निदेशक एवं राज्य मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन, (नगरीय) नगरीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0, गोमती नगर विस्तार, सेक्टर–7, लखनऊ के अर्द्ध शा0पत्र सं0–PMU/7783/441(2)/2022 दिनांक 23.02.2023 **(छायाप्रति संलग्न)** का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय 2.0 के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु कार्यालयों एवं उनके कार्यरत समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के घरों में ट्विन बिन (हरा व नीला डस्टबिन) की उपलब्धता एवं निरंतर सोर्स सेग्रीगेशन (स्रोत पृथकीकरण) कराये जाने हेतु एवं कार्योलयों के शौचालयों की निरंतर साफ–सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश निर्गत कराने का अनुरोध किया गया है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया स्वच्छ भारत मिशन नगरीय 2.0 "10 तक डोर टू डोर" अभियान की सफलता हेतु राज्य मिशन निदेशक द्वारा किये गये उक्त अनुरोध के क्रम में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

Signed by राकेश कुमार मिश्र
Date: 17-04-2023 18:12:20
(राकेश कुमार मिश्र)
विशेष सचिव
Reason: Approved

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(1) प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।

(2) आयुक्त, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।

(3) निदेशक एवं राज्य मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन, (नगरीय) नगरीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0, गोमती नगर विस्तार, सेक्टर–7, लखनऊ।

(4) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राकेश कुमार मिश्र)

विशेष सचिव।

2351028/2023/ -3

नेहा शर्मा
आई ए एस
निदेशक एवं राज्य मिशन निदेशक
Neha Sharma
IAS
Director & State Mission Director
Swachh Bharat Mission- Urban

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संख्या- 472 /आठ-3-2023
अर्द्ध शा0 पत्र सं0- PMU/7703/441(17)/2.

नगरीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0 एवं
स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) उ0प्र0।
गोमती नगर विस्तार, सेक्टर-7, लखनऊ

Directorate of Local Bodies U.P. &
Swachh Bharat Mission (Urban) U.P.
Gomti Nagar Ext. Sector-7, Lucknow

लखनऊ : दिनांक 23 फरवरी 2023

आदरणीय महोदय,

अत्यंत हर्ष के साथ आपको अवगत कराना है कि प्रदेश के समस्त जनपदों की नगर निकायों में नगरीय सुविधाओं के स्तरोन्नयन, नगरों के सौन्दर्यीकरण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु माह जनवरी, 2023 से 100 दिवसीय "उत्तर प्रदेश वैश्विक नगर" (**UP G Cities**) अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत "स्वच्छ माघ मेला", "आरंभ सिंगल यूज प्लास्टिक बैन" अभियान एवं "स्वच्छ विरासत" अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है। इसी क्रम में "स्वच्छ ढाबा" अभियान एवं "10तक डोर टू डोर" अभियान वर्तमान में गतिमान है। उक्त अभियान के द्वारा राज्य के नगरों को **Good to Great** बनाने का तत्पर प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में राज्य के नगरों को वैशिवक मापदण्डों पर भी श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लिया गया है।

अवगत कराना है कि मा0 प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 गतिमान है। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन (SWM) सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। वैज्ञानिक विधि द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (SWM) के माध्यम से कूड़े के निस्तारण हेतु सोर्स सेग्रीगेशन किया जाना अनिवार्य है। जिसके दृष्टिगत "10तक डोर टू डोर" अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है।

उक्त अभियान की व्यापक सफलता हेतु आपसे निवेदन है कि अपने विभाग के कार्यालयो एवं उनमें कार्यरत समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के घरों में ट्विन बिन (हरा व नीला डस्टबिन) की उपलब्धता एवं निरंतर सोर्स सेग्रीगेशन (स्रोत पृथकीकरण) कराये जाने हेतु एवं कार्यालयों के शौचालयों की निरंतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कृपया निर्देश निर्गत करने का कष्ट करें।

सादर।

भवदीया,

(नेहा शर्मा)

श्री नितिन रमेश गोकरन
प्रमुख सचिव,
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग,
उ0प्र0, लखनऊ।

सचिव/आ-1
24-02-2023
(विनोद शर्मा)
निजी सचिव
प्रमुख सचिव,
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

68208/PSH/23

956/HS(R)23
DS(AKD)

2094/PS/SH/2023
VSGR

(सुरेन्द्र कुमार)
24 अप्र निजी सचिव
विशेष सचिव
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

निवासी वर्मा
निजी सचिव,
सचिव
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

24.2.2023